## महत्वपूर्ण एवं खास

### बी प्रमाण पत्र परीक्षा में शामिल हुए एनसीसी कैडेट्स

**» 28वीं बटालियन के 249 एनसीसी कैडेट्स ने दिलाई परीक्षा**

**रायगढ़ (आरएनएस)।** 28वीं बटालियन एनसीसी रायगढ़ के कर्नल एचएस घुमन के कुशल नेतृत्व में तथा ग्रुप हेड क्वाटर रायपुर के निर्देशानुसार रविवार को पूरे प्रदेश में सीनियर डिविजन एनसीसी कैडेट्स का बी प्रमाणपत्र परीक्षा आयोजित की गई। रायगढ़ में नटवर स्कूल में यह परीक्षा हुई, जिसमें 28 बटालियन के अंतर्गत आने वाले विभिन्न कालेजों बलरामपुर, सीतापुर, अंबिकापुर, जशपुर, पत्थलगांव, कुनकुरी रायगढ़, खरसिया, सक्ती, कोरबा आदि के 249 (एसडी, एस डब्ल्यू) कैडेट्स शामिल हुए। इसमें लिखित, मौखिक, प्रेक्टिकल परीक्षा ली गई। नटवर स्कूल के पांच कमरों व दो हाल में लिखित परीक्षा ली गई। प्रेक्टिकल परीक्षा हेतु मैदान में चार अलग-अलग जगहों पर व्यवस्था की गई थी, जहां मैप रीडिंग, हथियार खोलना-जोडऩा, कंपास की सहायता से दूरी का पता लगाना, ड्रिल आदि की परीक्षा ली गी। इस परीक्षा की निगरानी हेतु ग्रुप हेडक्वाटर द्वारा 7 सीजी बटालियन एनसीसी बिलासपुर के कमान अधिकारी कर्नल रजनीश मेहता नियुक्त हुए थे। जिनकी निगरानी में परीक्षा संपन्न हुई।

**तीन ग्रेड में ली जाती है परीक्षा**

एनसीसी अधिकारी विनोद षडंगी ने बताया कि कैडेट्स को पूरे एक साल तक प्रशिक्षण दिया जाता है तथा कैंप में सम्मिलित किया जाता है। अंत में परीक्षा संचालित कर योग्यता परखी जाती है। एनसीसी में तीन ग्रेड में परीक्षा ली जाती है। पहला ए प्रमाणपत्र परीक्षा स्कूल स्तर पर एवं बी, सी प्रमाणपत्र की परीक्षा महाविद्यालय स्तर पर ली जाती है।

### शक्कर कारखाना पण्डरिया में प्रदेश में शक्कर की सर्वाधिक रिकवरी का बना रिकार्ड

**» राज्य सरकार की कुशल नीति और वन मंत्री**

**रायपुर।** प्रदेश के कवर्धा जिले के अंतर्गत पण्डरिया में स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना ने राज्य के सभी चार शक्कर कारखानों में सर्वाधिक औसत शक्कर की रिकवरी का रिकार्ड कायम किया है। यह उपलब्धि राज्य सरकार की कुशल नीति तथा प्रबन्धन और वन तथा विधि-विधायी मंत्री श्री मोहम्मद अकबर के लगातार सकारात्मक पहल के परिणामस्वरूप हासिल हुई है। गौरतलब है कि प्रदेश का चौथा शक्कर कारखाना लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना पंडरिया के द्वारा वर्ष 2019-2020 में चालू सीजन के दौरान 79 दिन में 1 लाख 49 हजार 168 मीटरिक टन गन्ना की पेराई की गई है, जिसमें 1 लाख 53 हजार 575 क्विंटल शक्कर का उत्पादन किया गया है जिसकी औसत रिकवरी चालू सीजन में 10.40 आयी है। यह रिकार्ड उत्पादन प्रदेश के चारों सहकारी शक्कर कारखानों में सबसे अधिक है। शक्कर कारखाना पण्डरिया में 14 फरवरी 2020 को एक ही दिन में तीन हजार 600 क्विंटल शक्कर का उत्पादन किया गया है। इसके पहले प्रदेश का तीसरा कारखाना मां महामाया सहकारी शक्कर कारखाना केरता-सूरजपुर में शक्कर की सबसे अधिक औसत रिकवरी वर्ष 2012-13 में 10.36 हुई थी।

### छत्तीसगढ़ राज्य के कलाकारों की वार्षिक प्रदर्शनी आज से

**रायपुर (आरएनएस)।** प्रदर्शनी प्रवेश अपने 11 वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। यह प्रदर्शनी प्रत्येक वर्ष देश के विभिन्न शहरों में आयोजित की जाती है व इसका समापन छत्तीसगढ़ राज्य रायपुर में किया जाता है। इस वर्ष यह प्रदर्शनी 11 दिसंबर से 13 दिसंबर 2019 के केरल त्रिशुर में राष्ट्रीय ललित कला अकादमी केरल आर्ट गैलरी में आयोजित की गई व इसका अंतिम पड़ाव रायपुर में 17 फरवरी से 19 फरवरी 2020 को सुबह 11 बजे से शाम 7.30 जे तक प्रतिदिन संस्कृति विभाग परिसर महंत घासीदास संग्रहालय घड़ी चौक, रायपुर में किया जा रहा है। यह राज्य की एक मात्र नियमित प्रदर्शनी है जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के सुदूर जिलों के व शहरों के कलाकार आदिवासी एवं ललित कला के कलाकार एक साथ प्रदर्शनी करते हैं। यह राष्ट्रीय आयोजन का 11 वां वर्ष है। प्रदर्शनी का आयोजन शिल्प वर्षा आर्ट एण्ड रिसर्च, छत्तीसगढ़ द्वारा किया जा रहा है। प्रदर्शनी में 55 माडर्न आर्ट एवं ट्राईबल आर्ट के कलाकार भाग ले रहे हैं। तातीराम विश्वकर्मा, टिकेश्वरी डहरे, विद्या सोनी, योगेश नेताम। प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ राज्य के युवा कलाकारों की प्रतिभा और राज्य कला जगत की संभावनाओं को देखा जा सकता है।

# मत्स्य पालन की तकनीक सीखने मत्स्य कृषकों का दल रवाना

**रायपुर।** मत्स्य पालन की तकनीकी और मार्केटिंग का गुर सीखने के लिए जशपुर जिले के 19 मत्स्य कृषकों का दल 15 फरवरी को ओडिशा के पुरी तथा आंध्रप्रदेश के एलेरू, विशाखपट्नम के लिए रवाना हुआ।




मत्स्य कृषकों का यह दल पांच दिवसीय भ्रमण के दौरान पुरी में फिश मार्केट का अध्ययन अवलोकन करने के बाद वहां से एलेरू जाएगा, जहां मत्स्य कृषकों को यह दल वहां मत्स्य पालन केन्द्रों में जाकर मत्स्य पालन की आधुनिक तकनीक सीखने के साथ ही पंगेसियस कल्चर का भी अध्ययन एवं अवलोकन करेगा। इसके पश्चात् यह दल विशाखापट्नम में फिश हारवर, फिश मार्केट एवं एक्यूरियम देखेगा। सहायक संचालक मत्स्य पालन श्री डी.के. इजारदार ने बताया कि विभागीय योजना के अंतर्गत जिले के मत्स्य कृषकों को अध्ययन भ्रमण के लिए राज्य के बाहर ले जाया गया है। सहायक मत्स्य अधिकारी श्री जे.के. पैंकरा के नेतृत्व में प्रगतिशील मत्स्य कृषक श्री अनिल कुमार बेक, अरूण तिर्की, जुगेद्र राम, एनोस हेकान्त मिंज, सबिएल कुजूर, राजनाथ, बजरू राम, अबदोन एक्का, बलवीर पैंकरा, इग्नासियुस उरांव, नीलकमल, प्रभात पन्ना, राजेन्द्रसिदार, अजित तिग्गा, बेनेदिक तिर्की, करम साय, अकबरसाय, पूरन सिंह एवं विजयमान सिंह अध्ययन भ्रमण पर गए है।

## शराबी बेटा, मां को मारपीट करता देख पिता ने गैंती से सिर में दे मारा, हुई हत्या

**» आरोपी पिता गिरफ्तार, भेजा गया रिमांड पर**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना कोसीर अंतर्गत दिनांक 15.02.2020 को ग्राम प्रधानपुर निवासी धनाउ निराला पिता स्वर्गीय हेतराम निराला उम्र 60 वर्ष ने अपने लड़के धर्मानंद निराला उम्र 28 साल की गैंती मारकर हत्या करने की रिपोर्ट ग्राम कोटवार द्वारा थाना कोसीर में दर्ज कराया गया है।



पुलिस हिरासत में आरोपी धनाऊ निराला ने बताया कि दिनांक 15.02.2020 के शाम करीब 7:00 बजे लड़का धर्मानंद निराला नशे की हालत में आकर उसकी मां के साथ झगड़ा विवाद कर रहा था और लाठी डंडे से मारपीट करने लगा जिसे रोकने का प्रयास किया तो मुझे भी मारने लगा जिस पर घर में रखे लोहे की गैंती से धर्मानंद के सिर पर मारा जिससे उसकी वही मृत्यु हो गई। घटना की जानकारी ग्राम कोटवार हेम प्रसाद महंत को बताया। हेम प्रसाद महंत द्वारा थाना कोसीर में रिपोर्ट दर्ज कराया गया, रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 16 /2020 धारा 302 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर धनाउ निराला को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

## खेती किसानी के साथ कुक्कुट और पशुपालन को भी अपनाएं- मंत्री गुरू रूद्र कुमार

**» खपरी में सामुदायिक भवन और नल-जल योजना में पाइपलाइन विस्तार की घोषणा**

**रायपुर।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरू रूद्र कुमार ने कहा है कि किसानों को खेती किसानी के साथ-साथ इससे जुड़ी सहायक गतिविधियों को भी अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पशुपालन, मछली पालन, कुक्कुट पालन और उद्यानिकी ऐसे क्षेत्र हैं जिसे अपनाकर किसान अपनी आमदनी बढ़ा सकते हैं। आज दुर्ग जिले के ग्राम खपरी में आयोजित एक दिवसीय जिला स्तरीय पशु मेले में आए प्रगतिशील किसानों को सम्बोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर उन्होंने ग्राम खपरी में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 5 लाख रूपए एवं नल-जल योजना में पाइप लाइन विस्तार की भी घोषणा की। मंत्री गुरू रूद्र कुमार ने कहा कि राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरुवा, घुरुवा और बाड़ी का एक महत्वपूर्ण घटक गरुवा है, जिनके नस्ल संवर्धन से हम प्रदेश में पशुपालकों की आय में वृद्धि का प्र्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में दुग्ध और अंडे के उत्पादन की भरपूर संभावनाएं हैं। इसके लिए स्थानीय स्तर पर बाजार भी उपलब्ध हैं।




राज्य शासन द्वारा किसानों को कृषि से जुड़ी अन्य सहायक गतिविधियों के लिए तकनीकी मार्गदर्शन सहित ऋण अनुदान भी उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने किसानों से सभी शासकीय योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आग्रह भी किया। मेले में आए प्रगतिशील कृषकों को पशुचिकित्सा विभाग के विशेषज्ञों ने उन्नत नस्ल के पशुओं और नस्ल संवर्धन के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने किसानों को दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के साथ ही पशुपालन और कुक्कुट पालन के लिए राज्य शासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं और योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। मेले में पशुपालन विभाग द्वारा उन्नत नस्ल के पशुओं की प्रदर्शनी भी लगायी गई थी। मंत्री गुरू रूद्रकुमार ने शिविर में आए दिव्यांगजनों को ट्राई साईकल का भी वितरण किया।

## ट्रक चोरी कर चालक ने जबलपुर में बेचा,गिरफ्तार



**रायपुर (आरएनएस)।** रायपुर के रावाभाठा ट्रांसपोर्ट नगर से 5 फरवरी ट्रक चोरी के मामले में पुलिस ने चोरी करने वाले तीन आरोपियों को खमतराई पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने ट्रक चोरी करने के बाद जबलपुर में बेच दी थी। मिली जानकारी के अनुसार मामलें में पुलिस ने तीन आरोपी राममिलन नायक, रविशंकर नायक और अजय केशरवानी को गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी रविशंकर रीवा का रहने वाला तथा दो आरोपी रायपुर के रहने वाले हैं। मुख्य आरोपी रविशंकर नायक व्यवसायी के यहां ट्रक ड्राइवर था और उसी ने ट्रक चोरी करने की योजना बनाई थी। मामले में ट्रक खरीदने वाले आरोपी जावेद खान को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। ज्ञात हो कि ट्रांसपोर्ट नगर के एक व्यवसायी ने पांच फरवरी को ट्रक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी तथा अपने एक ड्राइवर पर शक जताया था। पुलिस ने इसी आधार पर पतासाजी की, जिसमें आरोपी ने अपना गुनाह कबूल करते हुए जबलपुर में ट्रक बेचना बताया था।

## बनोरा में आयोजित 24 वें निःशुल्क विशाल स्वास्थ्य शिविर में मिला 2255 मरीजों को लाभ

**» 2255 मरीजों में 943 महिलाये 934 पुरुष 378 बच्चे शामिल**

**रायगढ़ (आरएनएस)।** अघोर पीठ ट्रस्ट गुरूपीठ ट्रस्ट बनोरा के तत्वाधान में आज आश्रम परिसर में 24 वा विशाल स्वास्थ्य शिविर सम्पन्न हुआ। स्थापना के बाद यह निरन्तर 24 वा आयोजन है। व्यवस्थापक मंडल की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार आज प्रातः से ही मरीजों का आना प्रारम्भ हो गया था। ये मरीज निकटवर्ती राज्य उड़ीसा झारखंड व छग के विभिन्न जिले से पहुँचे थे। छग के रायगढ़ कोरबा बिलासपुर जांजगीर जिले से इलाज हेतु पहुँचे थे। 3 बजे से प्रारंभ पंजीकृत मरीजों का अपरान्ह 5 बजे तक विशेषज्ञ चिकित्सको के जरिये इलाज किया गया द्य मरीजों का ईलाज विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सको के जरिये किया गया। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ .प्रकाश कुमार मिश्रा, डॉ अजय कुमार गुप्ता, डॉ मनीष बेरीवाल, जरनल फिजिशियन डॉ एम राय चौधरी, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ के एन पटेल, डॉ .संजीव गोयल, डॉ.विनोद नायक, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ सुचित्रा त्रिपाठी, डा. मधु दुबे, डॉ मालती राजवंशी, डॉ डी राय चौधरी, नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ डॉ.दिनेश कुमार पटेल दंत रोग विशेषज्ञ डॉ राहुल अग्रवाल, डॉ.प्रतीक आनन्द, जनरल सर्जन डॉ आर के अग्रवाल, डॉ ए एम गुप्ता, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ .पी के पटेल, डॉ आर के गुप्ता, डॉ अहर्निश अग्रवाल एलर्जी दमा व टीबी रोग विशेषज्ञ डॉ .गणेश पटेल, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.आर के अग्रवाल, डॉ. श्रद्धा बाघमारे, चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ पीयूष अग्रवाल, डॉ राकेश पटेल, होम्यो फिजिशियन डॉ एस के गुप्ता, पैथौलोजिस्ट डॉ रीना नायक, ने अपनी सेवाएं दी। पैथोलॉजी में उपलब्ध सुविधाएं ईसीजी, रक्त व यूरिन टेस्ट के जरिये भी मरीजों की नियमित जाँच की गई। विदित हो कि अघोर गुरु पीठ ट्रस्ट बनोरा में वर्ष भर मानव सेवी गतिविधिया संचालित होती है।

## ऑटो में बैठकर घर के लिए निकली युवती रास्ते से हुई लापता

**» परिजनों को एक व्यक्ति पर शंका,पुलिस जांच में जूटी**

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी के टिकरापारा में रहने वाले एक युवती गायब है। युवती शास्त्री चौक स्थित लक्ष्मी मेडिकल स्टोर में काम करती थी। युवती शास्त्री चौक से ऑटो में बैठकर घर के लिए निकली युवती देर रात तक घर नहीं पहुंची जिसके बाद परिजनों ने गोलबाजार थाना में गुमशुदगी का रिपोर्ट दर्ज कराई है। मिली जानकारी के अनुसार टिकरापारा की रहने वाली दामिनी देवांगन नामक युवती जो कि शास्त्री चौक स्थित लक्ष्मी मेडिकल स्टोर में काम करती है शनिवार को मेडिकल स्टोर से घर जाने के लिए निकली। उसी के भाई ने उसे ऑटो में बैठाया था,लेकिन वह रास्ते में ही कहीं गायब हो गई और देर रात तक घर नही पहुंची जिसके बाद युवती के परिजनो ने इसकी शिकायत गोलबाजार थाने में दर्ज करवाई है। गुम इंसान का मामला दर्ज करर पुलि मामले की जांच कर रही। बताया जाता है कि पुलिस को सीसीटीवी फुटेज में युवती दिखाई दी है। मामलें में परिजनों को एक व्यक्ति पर आशंका है।

## गरीब बेटियों के साथ खड़ी है सरकार - मंत्री अनिला भेड़िया

**» राजिम त्रिवेणी संगम में पहली बार हुआ 187 जोड़ों का सामूहिक विवाह**



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की जीवन रेखा महानदी, सोंढूर और पैरी नदी के राजिम त्रिवेणी संगम में आज अद्भुत नजारा देखने को मिला, जब पूरा मेला क्षेत्र विशाल विवाह मंडप में बदल गया था। अवसर था मुख्यमंत्री कन्या सामूहिक विवाह का। समारोह में पहली बार 187 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न हुआ। राजिम माघी पुन्नी मेला के अवसर पर यह ऐतिहासिक पल था कि जब जिले की गरीब बेटियों के हाथ हजारों लोगों की मौजूदगी में पीले हुए। श्री भगवान राजीव लोचन और श्री कुलेश्वर नाथ की पावन धरा में बेटियों को महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेड़िया, जनप्रतिनिधि और अधिकारी-कर्मचारियों का आशीर्वाद मिला। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेड़िया ने वर-वधु को आशीष और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह एक शुभ अवसर है, कि आज राजिम के पवित्र भूमि पर सामुहिक विवाह सम्पन्न हुआ। उन्होंने कहा कि हमारे प्रदेश के संवेदनशील मुखिया मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा बेटियों की शादी के लिए दी जाने वाले सहायता राशि 15 हजार से बढ़ाकर 25 हजार रूपये कर दिया हैं। श्रीमती भेड़िया ने कहा कि कोई भी परिवार अपने आप को कमजोर न समझे, उनके साथ सरकार हमेशा साथ है। इस सामूहिक विवाह के अनुकरणीय पहल के लिए श्रीमती भेड़िया ने कलेक्टर एवं स्थानीय प्रशासन को भी बधाई दी। श्रीमती भेड़िया ने राजिम मेला क्षेत्र के लिए जमीन चिन्हांकन के लिए मुख्यमंत्री का आभार भी व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में सुव्यवस्थित और सुनियोजित मेला का आयोजन होगा। इस अवसर पर जिला पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती स्मृति ठाकुर ने नवदम्पत्तियों को सुखमय जीवन की शुभकामनाएं दी है। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री संजय नेताम, जनपद पंचायत अध्यक्ष फिंगेश्वर श्रीमती पुष्पा साहू, उपाध्यक्ष श्री योगेश साहू, श्री भावसिंह साहू, कमिश्नर श्री जी.आर. चुरेन्द्र, कलेक्टर श्री श्याम धावड़े, पुलिस अधीक्षक श्री एम.आर. आहिरे, जिला पंचायत सीईओ श्री विनय कुमार लंगेह एवं महिला बाल विकास के अधिकारी श्रीमती जगरानी एक्का तथा वर-वधु के परिवार व आगंतुक भी मौजूद थे। सामूहिक विवाह समारोह रीति-रिवाज के साथ सम्पन्न हुआ।







स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480